गुरु पूर्णिमा पर सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान

उत्कृष्ट विद्यालय में हुआ आयोजन, प्रागंण में पौधरोपण भी किया गया

मंडला, देशबन्धु। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सेवानिवृत शिक्षकों को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट विद्यालय मंडला की छात्रा लक्ष्मी पटेल, प्रियंका धुर्वे, जायस लकड़ा, प्राप्ति तिवारी, अनुष्का श्रीवास्तव और कशिश नंदा ने गुरु, शिष्य परंपरा और भारतीय संस्कृति पर इसके प्रभाव पर अपने विचार रखे। सेवानिवृत्त शिक्षक राजेश क्षत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि उत्कृष्ट विद्यालय जिले का प्रतिष्ठित विद्यालय है, इसकी गरिमा के अनुरूप अच्छे संस्कार और अच्छी शिक्षा प्राप्त करना भी आपका दायित्व है। विद्यालय में योग्य शिक्षकों की पदस्थापना की गई है अत: अपने शिक्षकों से अधिक से अधिक ज्ञान प्राप्त करने की लालसा आप सभी में होनी चाहिए। प्राचार्य श्रीमती कल्पना नामदेव ने गुरु पूर्णिमा पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए गुरु तत्व की विवेचना की एवं जीवन में गुरु के महत्व को समझाया। विद्यालय के शिक्षक अखिलेश उपाध्याय ने गुरु बिन कोई न ज्ञान पर चर्चा करते हुए गुरु के प्रति समर्पण भाव रखते हुए ज्ञान अर्जित करने के विषय में कहा। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे, सांस्कृतिक प्रभारी शिक्षकों ने पूजन अर्चन एवं आयोजन की व्यवस्था की। सभी विद्यार्थियों ने मिलकर गुरु वंदना की और अपने समस्त शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस दौरान विद्यालय प्रांगण में एक पौधा मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण किया गया। गुरु पूर्णिमा पर विद्यार्थियों ने गुरु शिष्य परंपरा पर निबंध लेखन में सहभागिता की। प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। शिक्षक देवेंद्र कछवाहा, प्रवीण अग्रवाल, विपिन लखेरा, नाथू सिंह घोसी, कीर्ति शुक्ला, शालिनी साहू, रंजना पांडे कन्हैया बरमैया ने विशेष सहयोग प्रदान किया। विद्यालय का शिक्षक स्टॉफउपस्थित रहा।

गुरुपूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय अंजनिया जिला मंडला में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात प्रभारी प्राचार्य डॉ. घनश्याम झारिया द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई और अंजनिया ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवानिवृत शिक्षक रोहिणी प्रसाद शुक्ल का श्रीफल भेंट कर स्वागत डॉ. प्रशांत यादव द्वारा किया गया। श्री शुक्ल ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह दिन केवल गुरु की महिमा का उत्सव नहीं है बल्कि वेदव्यास जी जिन्होंने महान ग्रंथों की रचना की जयंती भी है। उन्होंने कहा कि गुरु हमें मानवता एवं आध्यात्मिक ज्ञान का मार्ग प्रशस्त करते हैं। इसके पश्चात मुख्यमंत्री के आतिथ्य में कमला नेहरू सांदीपनि विद्यालय भोपाल में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम में श्री राजकुमार सिंगौर, डॉ. प्रशांत यादव, डॉ. गरिमा छाबड़ा, संदीप चौरसिया, संतोष नंदा एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए लगाया शिविर, बांटे उपकरण

मंडला, देशबन्धु। जनपद शिक्षा केंद्र मंडला, जिला मंडला कलेक्टर मंडला सोमेश मिश्रा, डीपीसी अरविन्द विश्वकर्मा के निर्देशन एवं कृष्णकुमार उपाध्याय, सहायक परियोजना समन्वयक समावेशी शिक्षा के मार्गदर्शन में जनपद शिक्षा केंद्र मंडला द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों हेतु एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य समावेशी शिक्षा के लक्ष्य को साकार करना और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना रहा।

शिविर में एलिम्को टीम के सहयोग से 46 बच्चों को कुल 63 सहायक उपकरण वितरित किए गए। इनमें व्हील चेयर, वॉकर, ट्राय साइकिल, रॉलीटर, क्रच, कान की मशीन तथा वॉकिंग स्टिक जैसे उपयोगी उपकरण शामिल थे। यह सभी उपकरण बच्चों की दैनिक गतिविधियों को सहज बनाने तथा उनके आत्मनिर्भरता के स्तर को बढ़ाने हेतु प्रदान किए गए।

इस अवसर पर विकासखंड स्रोत समन्वयक अनादि वर्मा, एम.आर.सी. संदीप सोनी, प्रशांत वेद तथा बी.ए.सी. संतोष झरिया, उदय कांत अवस्थी, सागर पटेल एवं स्वाति सोनवानी जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अधिकारियों ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सार-समाचार

मंत्री श्रीमती उइके गुरु पूर्णिमा के कार्यक्रम में हुईं शामिल

मंडला, देशबन्धु। कैबिनेट मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्रीमती संपतिया उइके के दादा धनीराम आश्रम महाराजपुर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पहुँची और सभी को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर की हार्दिक शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर उन्होंने आश्रम में उपस्थित पूज्य संत-महात्माओं एवं गुरुजनों का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान आश्रम में अतिरिक्त कक्ष निर्माण की बात स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं द्वारा की गई। मंत्री श्रीमती उइके ने विधायक निधि से 7 लाख रुपये की राशि का स्वीकृति पत्र आश्रम के सदस्यों को सौंपा। इस मौके पर श्री रानू राजपूत, श्री जोरावर सिंह, श्री रीतेश राय सहित अन्य गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु मौजूद थे।

रेलवे संघर्ष समिति की आवश्यक बैठक

मंडला, देशबन्धु। रेलवे संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष पूर्व विधायक डॉ.अशोक मर्सकोले के निर्देशानुसार दिनांक 11/07/2025 दिन शुक्रवार को रेलवे संघर्ष समिति के आवश्यक बैठक रखी गई है विषय पेचबेली रेलगाड़ी एक्स्प्रेस को नैनपुर से चलाने का काउंन की जा रही है, इस संबंध में रेलवे संघर्ष की एक बैठक दिन शुक्रवार को रखी गई है जिसमें पेचवेली एक्सप्रेस नैनपुर से नहीं मंडला से चालू की जाए इसी को लेकर एक आवश्यक बैठक रखी गई है अत: आप सभी रेलवे संघर्ष समिति सदस्य सदस्यों से अनुरोध है इस बैठक में अवश्य पहुंचे और रेलवे संघर्ष के सदस्यों से अनुरोध है की अपने-अपने विचार प्रकट करें।

चरित्र सत्यापन के लिए पहचान पत्र थाना/चौकी प्रभारियों को आवश्यक रूप से उपलब्ध कराएं

मंडला, देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री सोमेश मिश्रा ने आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए व कानून व्यवस्था की स्थिति को सुदृढ़ करने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अंतर्गत जन सामान्य के हित/जान/माल एवं लोक शांति बनाये रखने हेतु आदेश जारी किए हैं। आदेशानुसार मण्डला जिले के सम्पूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में मकान मालिक, होटल, लॉज, धर्मशाला के प्रबंधक, भवन निर्माण के ठेकेदार एवं अन्य व्यक्तियों को काम में रखने वाली कम्पनी एवं निजी सुरक्षा एजेंसी के संचालक किसी भी व्यक्ति को मकान किराए पर देने, होटल, लॉज, धर्मशाला में ठहरने वाले व्यक्तियों, भवन निर्माण हेतु ठेकेदारों के अंतर्गत काम में नियोजित व्यक्तियों की जानकारी उनके चरित्र सत्यापन हेतु पहचान पत्र संबंधित थाना/चौकी प्रभारियों को आवश्यक रूप से उपलब्ध कराएँ। उपर्युक्त आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दण्डनीय होगा।

बूथ लेवल ऑफिसर्स का प्रशिक्षण आयोजित

मंडला, देशबन्धु। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बूथ लेवल ऑफिसर्स को प्रशिक्षित किए जाने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के विधानसभा क्षेत्र 106-निवास (अजजा) के मतदान केन्द्र क्रमांक 147 से 180 तक कुल 34 बीएलओ के लिए कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी, कार्यालय निवास में, मतदान केन्द्र क्रमांक 254 से 291 तक कुल 38 बीएलओ के लिए जनपद सभाकक्ष, मोहगांव तथा 107-मण्डला (अजजा) के मतदान केन्द्र क्रमांक 213 से 253 तक कुल 41 बीएलओ के लिए रानी दुर्गावती शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय मण्डला के ऑडीटोरियम में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के कुल 113 बीएलओ के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बीएलओ के कर्तव्य, फार्म 6,7,8 को भरना, मोबाईल ऐप से फार्मों को ऑनलाईन करना, डोर-टू-डोर सर्वे के दौरान बीएलओ के कर्तव्य आचरण, केस स्टडी, ग्रुप स्टडी, गहन पुनरीक्षण आदि के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 16 जुलाई तक जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के सभी बीएलओ को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है।

सील मैडम का निधन

नैनपुर, देशबन्धु। ज्ञान ज्योति इंग्लिश मीडियम स्कूल की प्राचार्य सील मैडम का बीती रात निधन हो गया है। लंबे समय से कुशल प्रबंधन एवं शैक्षणिक व्यवस्था के लिए पहचानी जाती थी। मैडम के निधन पर संचालक मंडल के प्रमुख बनी श्याम खंडेलवाल, सत्यनारायण खंडेलवाल, बंसीधर अग्रवाल, डॉक्टर पाठक, जीवनलाल साहू सहित स्कूल के अध्यापक शिक्षिकाएं अन्य मैडम के निधन पर संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

वीन सत्र में साइकिल वितरण योजना का प्रदेश स्तर पर शुभारंभ

मंडला, देशबन्धु। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सांदीपनी विद्यालय भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से नवीन सत्र में साईकिल वितरण योजना का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के समस्त विद्यार्थियों को संबोधित किया। उत्कृष्ट विद्यालय मंडला के विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री को लाइव प्रसारण के माध्यम से देखा एवं सुना। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर इस आयोजन में नगर पालिका मंडला अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा उपस्थित हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी और बताया कि मध्यप्रदेश शासन के द्वारा जन्म से लेकर मृत्यु तक की योजनाएं बनाई गई है। विद्यार्थी अधिक परिश्रम करें, शासन की योजनाएं उन्हें सपनों की उड़ान में कामयाब बनाने के लिए तैयार है। प्राचार्य श्रीमती कल्पना नामदेव ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री के द्वारा प्रदेश के विद्यालयों से की गई अपेक्षाओं के अनुरूप परिणाम देना अपना लक्ष्य बताया। आयोजित कार्यक्रम में अखिलेश उपाध्याय ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए गुरु पूर्णिमा एवं साइकिल वितरण योजना के विषय में विद्यार्थियों को जानकारी दी। आभार प्रदर्शन कन्हैया बरमैया द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में सुजाता शर्मा कीर्ति शुक्ला, शालिनी साहू, ईतैस मिश्रा का योगदान रहा।

अष्टान्हिका महापर्व पर गुरु मां के आशीर्वचन

मंडला, देशबन्धु। अष्टान्हिका महापर्व पर गुरू मां के आर्शीवचन नंदीश्वर विधान के कार्यक्रम के अवसर पर 108 संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की परम शिष्या आर्यिका मां विमल मति माता जी ने चर्तुदशी के अष्टान्हिका महापर्व पर आचार्य भद्रवाहु स्वामी महा मुनिराज के संघ के बारे में बताया कि आचार्य संघ में 24 हजार महा मुनियों का संघ था। गुरु जी ने अपने निमित्त ज्ञान से जाना और कहा कि यहां उत्तर भारत में अकाल पड़ने वाला है इस कारण से आप दक्षिण भारत मे बिहार कर धर्म का प्रचार प्रसार करो । तब 12 हजार महा मुनिराज दक्षिण भारत की ओर बिहार कर गए। उनके शिष्यों ने गुरु की वाणी का अनुशरण किया । गुरु ने कहा शिष्यों को कभी गुरु की वाणी का उल्लंघन नहीं करना चाहिए । दिगम्बर जैन धर्म बहुत महान है। ये तलवार की धार के समान है । अंतिम राजा के रूप में चन्द्रगुप्त जिन्होंने अंतिम दीक्षा ली चन्द्रगिरि पर्वत पर गोमटेश बाहुवलि दक्षिण भारत में और वहीं यम संल्लेखना धारण की । आचार्य समंतभद्र स्वामि ने कहा गुरुभक्ति से ही परंपरा से मुक्ति होती है । आर्यिका मां विमल मति माताजी ने कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर जी के बिना यह दूसरा चार्तुमास मंडला में हो रहा है । आचार्य भगवान हमें अकेले नहीं छोड़कर गए हमें प्रतिछाया के रूप में आचार्य समय सागर महाराज का सानिध्य दे गए । आर्यिका मां ने अपने वचनों में कहा कि गुरु से बडा कोई वरदान नहीं है ,गुरु से बडा कोई महान नहीं, बस साथ मिल जाए गुरुवर का, तो उससे बड़ा और कोई सम्मान नहीं । हम भी अंतिम समय आत्मा मे लीन होकर संल्लेखना धारण करें। आज से मंगल चार्तुमास कलश स्थापना की तैयारियां प्रारंभ हुई । आर्यिका मां ने ससंघ भक्तियों के पाठ से अपनी चार्तुमास का प्रारब्ध किया । समाज की सभी कमेटियों ने इसमें भाग लेकर आर्यिका का आर्शीवाद लिया । दिगम्बर जैन मंदिर पड़ाव मंडला के गौरवशाली अध्यक्ष श्री राजकुमार जैन (बंटी भैया) अमरदीप परिवार वालों के द्वारा चतुर्दशी के पावन पर्व पर चातुर्मास में एक कलश स्थापित करने का सौभाग्य प्राप्त किया है।

कलेक्टर ने किया बाढ़ प्रभावित रतनपुर चौकी स्कूल का निरीक्षण

मण्डला, देशबन्धु। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने नारायणगंज विकासखण्ड के ग्राम रतनपुर चौकी के बाढ़ प्रभावित स्कूल का निरीक्षण किया। जिले में 5 और 6 जुलाई को हुई भारी बारिश के कारण एक शाला एक परिसर वाले इस आवासीय स्कूल, छात्रावास एवं आंगनबाड़ी के संपूर्ण परिसर में बाढ़ का पानी भर गया था। बाढ़ के कारण स्कूल में रखी सामग्री और बच्चों के बिस्तर आदि खराब हो गये थे। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर समकक्ष शासकीय अथवा निजी भवन में आवासीय स्कूल का संचालन सुनिश्चित करायें। कलेक्टर ने सहायक आयुक्त जनजातीय कल्याण विभाग को निर्देशित किया कि बाढ़ के पानी में खराब हुई विद्यार्थियों की उपयोगी सामग्री पुन: उपलब्ध करायें। परिसर के पास लगे ट्रांसफार्मर की ऊंचाई बढ़ाने के लिए कलेक्टर ने विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान विधायक निवास श्री चैन सिंह वरकड़े, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, एसी ट्राईबल श्रीमती वंदना गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

जिले में अब तक 811.8 मिमी वर्षा दर्ज, नैनपुर तहसील में सबसे अधिक 907.6 मिमी बारिश रिकॉर्ड

मंडला, देशबन्धु। जिले में एक जून से 10 जुलाई तक की अवधि में औसत रूप से कुल 811.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 10 जुलाई की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 1.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन बिछिया में 6.5 मिमी, निवास में 3.6 मिमी एवं नारायणगंज में 1 मिमी वर्षा आंकी गई है।

अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 जुलाई तक तहसील मंडला में 889 मिमी, नैनपुर में 907.6 मिमी, बिछिया में 764.6 मिमी, निवास में 810.3 मिमी, घुघरी में 679 मिमी एवं नारायणगंज में 827.7 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 358.9 मिमी वर्षा हुई थी। इस अवधि में पिछले वर्ष तहसील मंडला में 491.8 मिमी, नैनपुर में 462.4 मिमी, बिछिया में 337.6 मिमी, निवास में 326.1 मिमी, घुघरी में 201.1 मिमी एवं नारायणगंज में 383.6 मिमी वर्षा आंकी गई थी।

न्यायालय द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड मण्डला
(पीठासीन अधिकारी- श्रीमती नेहा रहमान)
उ.प्र.क्रं.-एमजेसी/एसयूसी-09/25
नियत दिनांक-30/07/2025

शील कुमारी पिता स्व. रमलू मरावी उम्र 48 वर्ष अविवाहित एवं नेत्रहीन दिव्यांग, निवासी ग्राम सिमरिया पोस्ट जहरमऊ तहसील नैनपुर जिला मण्डला द्वारा वादमित्र शंकर लाल उइके पिता पंचम लाल उइके उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम बेहंगा पोस्ट मलारा थाना महाराजपुर तहसील व जिला मण्डला (म0प्र0)

आवेदिका.....विरूद्ध
जिला शिक्षा अधिकारी मण्डला
व अन्य ..... अनावेदकगण
प्रेषिति - आम जनता

//आम इश्तहार//

इस आम इश्तहार के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका के द्वारा धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम अंतर्गत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत की गई है।

जिस किसी भी व्यक्ति, निकाय को उक्त प्रकरण में किसी भी प्रकार की आपत्ति है तो वह नियत पेशी दिनाँक 30/07/2025 को इस न्यायालय में 10.30 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, यदि उक्त नियत दिनांक को किसी कारणवश सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है तो प्रकरण ठीक अगले कार्य दिवस में सुना जावेगा। नियत दिनांक को किसी प्रकार से कोई आपत्ति न आने की दशा में न्यायालय द्वारा प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। आज दिनांक 03/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।

मण्डला, दिनांक : 03/07/2025
नेहा रहमान
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड मण्डला जिला मण्डला (म.प्र.)

न्यायालय चतुर्थ जिला न्यायाधीश मंडला
(पीठासीन अधिकारी श्री विवेकानंद त्रिवेदी)
एम.जे.सी.नं. 158/2025 नियत दिनांक 25/08/2025
मयूर क्षत्री वगैरह.....
अपीलार्थीगण.....विरूद्ध
आम जनता ..... उत्तरवादीगण

आम इश्तहार

न्यालालय में अपीलार्थीगण ने एक सिविल अपील अंतर्गत आदेश 41 धारा 96 सी.पी.सी. के तहत उत्तरवादीगण के विरूद्ध पेश किया है। अपीलार्थीगणों द्वारा उक्त अपील विहित समायावधि के बाहर प्रस्तुत की गई है, जिसके लिए अपीलार्थीगणों ने विलंब माफी हेतु धारा 5 परिसीमा अधिनियम का आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त आवेदन की सुनवाई हेतु दिनांक 25/08/2025 की पेशी नियत है। जिस किसी को उक्त धारा 5 परिसीमा अधिनियम के आवेदन में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत प्रतिनिधि अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक को न्यायालीन समय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। पेशी दिनांक 25/08/2025 को यदि किसी व्यक्ति द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत नहीं की जाती तो अपीलार्थीगणों के द्वारा प्रस्तुत उक्त धारा 5 परिसीमा अधिनियम के आवेदन में अग्रिम सुनवाई की जावेगी।

आज दिनांक 27/06/25 को न्यायालय की मुद्रा से मेरे हस्ताक्षराधीन जारी किया गया।

मंडला दिनांक - 27/6/25
(विवेकानंद द्विवेदी)
चतुर्थ जिला न्यायाधीश मंडला जिला मंडला म.प्र.

राष्ट्रव्यापी हड़ताल देश के कई संस्थानों में

मण्डला, देशबन्धु। 9 जुलाई 2025 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल देश के कई संस्थानों की यूनियंस के साथ संयुक्त रूप से मुख्य मांगों जिसमें नई भर्ती प्रमुखता ट्रेड यूनियन के आवाहन पर 18 सूत्रीय मांगों को लेकर देश व्यापी आम हड़ताल जिसमे जबलपुर डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाईज एसोसिएशन संगठन के सभी कर्मचारी 9 जुलाई को देश व्यापी हड़ताल में शामिल रहे जिससे भारती जीवन बीमा निगम के सभी कर्मचारी एवं पेंशनर्स साथी भी हड़ताल में शामिल रहे जिसे से काम ढाप रहा हड़ताल में शामिल कामरेट राजेंद्र नेमा, का.एच.एल. सिंगोर. बी.के. संड्या, मुन्नीबाई लाहोरिया, मंगल सिंह धुर्वे ,रविंद्र जैन ,संत कुमार यादव, श्रीकांत यादव ,त्रिलोक सिंधिया ,संजय कटारे ,पुष्प लता मरकाम ,शिवांगी तिवारी, पायल

दस्तक अभियान-पहला चरण: डायरिया रोकथाम अभियान 2025 का प्रशिक्षण सत्र प्रारंभ

19 जुलाई तक चलेगा जिला स्तरीय प्रशिक्षण

मण्डला, देशबन्धु। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.जे. मोहंती के निर्देशानुसार दस्तक अभियान के संबंध में आयोजित जिला स्तरीय प्रशिक्षण 9 जुलाई 2025 से 19 जुलाई 2025 तक मंडला में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सभी विकासखंड के एएनएम, एलएचव्ही, सीएचओ प्रतिभागियों का 10 चरण में प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दूसरे दिवस में प्रशिक्षण सत्र के दौरान दस्तक अभियान से जुड़े सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं को विस्तार से समझाया गया। अभियान के दौरान हाई रिस्क इनफेंट मामलों की पहचान और प्रबंधन कैसे किया जाए ? जिला टीकाकरण अधिकारी के द्वारा बताया गया कि समुदाय स्तर पर अभियान का क्रियान्वयन 22 जुलाई से 16 सितंबर के मध्य किया जाएगा। इसमें एएएसी ऐप (आशा, आंगनवाड़ी, एएनएम, सीएचओ) और अन्य विभागों के समन्वय से दस्तक अभियान के दौरान 0-5 वर्ष के बच्चों की व्यापक कवरेज सुनिश्चित किया जाना है। एचआरआई और हाईरिस्क चाईल्ड को सत्र के दौरान बच्चों में बीमारियों की पहचान आवश्यक उपचार एवं त्वरित रेफरल सुनिश्चित किया जाएगा। समुदाय आधारित सेवाएं में ओआरएस पैकेट का वितरण 5 वर्ष के प्रत्येक बच्चे को दो ओआरएस के पैकेट की प्रदायगी, 2 माह से ऊपर के बच्चों को 14 दिन की जिंक टैबलेट की प्रदायगी, ओआरएस घोल बनाने की विधि, निर्जलीकरण का वर्गीकरण कर आवश्यक उपचार एवं रेफरल, सत्र के दौरान साफसफाई के महत्व को एवं हाथ धोने की विधि का प्रदर्शन के बारे में बताया गया। कुल 45 दिवस अभियान संचालित होगा (रविवार एवं शासकीय अवकाश को छोड़कर), व्हीएचएसएनडी पर अन्य सेवाओं के साथ संपूर्ण दिन दस्तक सेवा प्रदाय की जाएगी, इसके बाद मोपअप केवल छुटे हुए बच्चों हेतु दस्तक दल द्वारा गृह भेंट की जाएगी।

आरबीएसके प्रबंधक अर्जुन सिंह के द्वारा बताया गया कि अभियान में निहित सेवाएं जैसे गंभीर कुपोषण, एनीमिया, दस्त रोग, निर्जलीकरण, निमोनिया एवं अन्य बीमारियां की त्वरित जांच, उचित प्रबंधन, रेफरल अन्नपूरन प्रदायगी, परामर्श प्रदर्शन एवं समुदाय प्रबंधन किया जाना है।